तापमान

अधिकतम 44.0 डिग्री

न्यूनतम 32.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, मंगलवार 28 मई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



11 हरियाली पर चल रही कुल्हाड़ी काटे जा रहे पेड़, जिम्मेदार मौन





12 बच्चों ने पर्यावरण पार्क का किया भ्रमण औषधीय पौधों के बारे में ली जानकारी




## खबर संक्षेप

### कुछ स्थानों पर लगाया जाएगा नया ट्रांसफार्मर, बंद रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बालोद।** नगर से निकलने वाली 11 केव्ही पाररास फीडर एवं बघमरा फीडर में नया ट्रांसफार्मर लगाने 11 केव्ही लाईन विस्तार एवं टाऊन फीडर, झलमला फीडर में कार्य किया जाएगा। इसके कारण उपकेन्द्र बालोद से निकलने वाली बालोद टाऊन फीडर, पारराास फीडर, झलमला फीडर, बघमरा फीडर की विद्युत आपूर्ति 28 मई को प्रातः 9 बजे से 2 बजे तक बंद रहेगी। इस दौरान शिकारी पारा, कुंदरूपारा, मधु चौक, रेलवे कॉलोनी, पाररास, रामदेव चौक, सदर रोड, बूढ़ापारा कॉलोनी, कचहरी चौक, सदर रोड, नयापारा, पाण्डेपारा, सिंधी कॉलोनी, परेंगुड़ा, गंजपारा, आमापारा, जुर्रीपारा के क्षेत्र में विद्युत व्यवस्था प्रभावित रहेगी।

### दानीटोला में बर्बाद हो रहा हजारों लीटर पानी



**गुरूर।** एक तरफ शासन द्वारा जल संकट की रोकथाम के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, तो वहीं दूसरी तरफ ग्राम दानीटोला में प्रतिदिन सुबह शाम हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। ग्राम में जल जीवन मिशन योजना के तहत निर्मित पानी टंकी से पानी सप्लाई के कंट्रोल के लिए लगे वाल्वों में लीकेज होने से प्रतिदिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। वहीं, दूसरी ओर इसी ग्राम के कई वार्डों में लोग पानी के लिए तरस रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि लीकेज की शिकायत करने के बाद भी ग्राम के पंच–सरपंच इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

# गोढ़ी खुर्द के 132 परिवारों को घर में मिलने लगा नल से शुद्ध पेयजल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग परिक्षेत्र रायपुर के मुख्य अभियंता आरके गुप्ता ने जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के कार्यों का रविवार को निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अमलडीहा समूह जल प्रदाय योजना के संबंध में स्थल निरीक्षण एवं साइट पर उपस्थित ठेकेदार मेसर्स कावेरी इंजीनियरिंग प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद के इंजीनियर और साइट सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । उन्होंने इंटेकवेल, डब्ल्यूटीपी वितरण वाहिनियां, राव वाटर पंपिंग मेन आदि निर्माण कार्यों का निरीक्षण भी किया ।

ज़िले के नवागढ़ विकासखंड ग्राम गोढ़ीखुर्द में पानी की विकराल समस्या रहती थी वहां के ग्रामीणो को पेयजल एवं निस्तारी के लिए दूर से पानी लाना पड़ता था। जल जीवन मिशन योजना अंतर्गत ग्राम गोढ़ी खुर्द में एकल नल जल प्रदाय योजना अंतर्गत उच्चस्तरीय जलागार (40किली) एवं घरेलू नल कनेक्शन 142 प्रस्तावित है।

जिसमें जलागार के माध्यम से 132 घरेलू नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। शेष 10 घरेलु कनेक्शन को शीघ्र ही पूर्ण कर लिया जाएगा। इसमें कार्यपालन अभियंता बेमेतरा के मार्गदर्शन में कार्य किया गया, जिससे ग्राम की योजना को सफलापूर्वक पूर्ण कर परीक्षण के पश्चात ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित किया जाना है।

## मुख्य अभियंता गुप्ता ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण



### जो स्वीकृत कार्य शुरू नहीं हुए हैं, उन्हें जल्द प्रारंभ करवाएं

निरीक्षण के बाद मुख्यालय बेमेतरा में मुख्य अभियंता परिक्षेत्र रायपुर की अध्यक्षता में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी कार्यपालन अभियंता आर के धनंजय सहायक अभियंता एस के नायक, श्री लोनारे, एस आर नारनौरे, दाऊराम बंजारे, रूद्र कुमार ध्रुव एवं उपभियंता तथा अन्य कर्मचारी जिला समन्वयक एवं टीपीआई की उपस्थिति में बैठक ली गई। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें कार्य योजना बनाकर प्राथमिकता में अप्रारम्भ कार्य को अतिशीघ्र प्रारम्भ करने, कार्य में रूचि ना लेने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध कार्रवाई करने एवं अगामी वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए अप्रारम्भ उच्च स्तरीय जलागार को प्रारम्भ करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिला समन्वयकों के सहयोग से योजना के क्रियान्वयन को तेजी के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। बैठक के बाद कुम्हिगुडा नल जल प्रदाय योजना का निरीक्षण किया गया। कुमहीगुडा समूह नलजल प्रदाय योजना का कार्य मेसेर्स जी के इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड हैदराबाद द्वारा किया जा रहा है। उपरोक्त समूह नल जल प्रदाय योजना द्वारा जिले के खारे पानी से प्रभावित ग्राम एवं स्रोत विहिन वाले ग्रामों में मीठे जल की उपलब्धता की जा सकेगी।

## लगभग 7 साल पहले निर्माण के लिए 3 करोड़ 33 लाख रूपए की मिली थी स्वीकृति

# सात साल में नहीं बन सका गौरव पथ, अधूरी नाली ने और बढ़ा दी नागरिकों की समस्या

शुभम दुबे ▶▶| नवागढ़

खास खबर

नगर पंचायत नवागढ़ में बस स्टैंड से महामाया मंदिर तक गौरव पथ निर्माण नगर वासियों के लिए अधूरी आस बनकर रह गई है। 3.33 करोड़ की लागत से बनने वाली इस गौरव पथ को स्वीकृत हुए करीबन 7 साल से भी ज्यादा समय हो गए हैं, लेकिन अभी तक टूटे हुए संकरे मार्ग की समस्या जस तस की बनी हुई है। इस रास्ते पर गौरव पथ डबल लेन सड़क निर्माण एक सपना बनकर रह गया है।

कुछ माह पहले उक्त गौरव पथ का ठेका लेने वाली बजाज बिल्डर कंपनी कुरूद ने नाली निर्माण का कार्य शुरू किया था, परंतु कुछ मीटर ही नाली निर्माण के बाद अचानक काम बंद कर लापता हो गए। उक्त नाली निर्माण कार्य से राहगीरों की समस्या कम होने के बजाय उल्टा और भी बढ़ गई है। स्थिति यह है कि नाली निर्माण इस कदर किया गया है कि सड़क पहले से और संकरी हो गई। जहाँ पहले जैसे तैसे चार पहिया वाहन गुजर जाते थे अब तो वह भी निकलना मुश्किल हो गया है। हल्की-फुल्की बारिश हो जाए तो जगह-जगह पानी भरने की दिक्कत और बढ़ गई है। बिल्डर ने काम क्यों ▶▶| शेष पेज 11 पर





### सीधी बात

टीआर चौहान

सीएमओ नगर पंचायत नवागढ़।

*1. गौरव पथ निर्माण कार्य की क्या स्थिति है?*

- विधानसभा चुनाव के पहले भूमि पूजन पश्चात निर्माण कार्य शुरू हो गया था, लेकिन ठेकेदार ने बिना सूचना काम बंद कर दिया, जो अभी तक रुका है।

2. कंस्ट्रक्शन कंपनी पर क्या कार्रवाई हुई?

- कंपनी को तीन बार नोटिस दिया जा चुका है, आचार संहिता खत्म होते ही अंतिम नोटिस दिया जाएगा।

3. बीच में सड़क सकरी हो गई है, क्या कहेंगे?

- स्टीमेट में 3.5 मीटर चौड़ाई का प्रावधान है। फिर स्थानीयजनों में सामंजस्य बनाकर सुगम रास्ता बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

### शीघ्र पूर्ण करना चाहिए निर्माण कार्य : महिलांग

नगर पंचायत नवागढ़ के पूर्व अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग ने कहा कि नगर में आवागमन को सुगम करने के उद्देश्य से मेरे कार्यकाल में 3.33 करोड़ की लागत से गौरव पथ निर्माण कार्य स्वीकृत हुआ था, जिसका टेंडर भी हो गया था। जिसके सत्ता बदली शासन बदला और कमीशनखोरी की आड़ में सड़क का काम अटका रहा। विधानसभा चुनाव आचार संहिता के पहले आनन-फानन में इस रास्ते का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ तो किया गया, लेकिन कुछ मीटर नाली निर्माण के बाद मामला जस का तस पड़ा है। जनप्रतिनिधियों को नगर के हित में इस सड़क को यथाशीघ्र पूर्ण करना चाहिए।

### 1200 मीटर की सड़क, 03 पार्ट में बनेगी

नगर पंचायत से मिली जानकारी के मुताबिक उस गौरव पथ की कुल लम्बाई 1200 मीटर है, जो कि 3 फेस में बनेगा। बस स्टैंड पुल से 60 किमी तक यह मार्ग 10 मीटर चौड़ाई वाला डबल लेन सड़क होगी। जिसके बाद दूसरे फेस में 60 से 130 मीटर तक अर्थात गणेश मंदिर वाला रास्ता करीबन 70 मीटर तक की लम्बाई की सड़क महज 3.5 मीटर होगी चौड़ी। फिर तीसरे फेस में 130 मीटर से महामाया माता पारा रोड तक यह सड़क पुनः 10 मीटर चौड़ाई के साथ डबल लेन रोड होगी, जिसमें मानाबंद तालाब में वॉल बनाकर मजबूती दी जाएगी । यह तो गौरव पथ का स्टीमेट है जिसे बने सालों बीत गए लेकिन कब यह जमीन पर उतरेगा यह कहा जाना मुश्किल है।

# बारूद फैक्ट्री में धमाके की घटना भयावह और दुखद : शर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- घटना के बाद भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने पीड़ितों के परिजनों से की मुलाकात

विधानसभा बेमेतरा के ग्राम पिरदा में स्पेशल ब्लास्ट प्राईवेट लिमिटेड की बारूद फैक्ट्री में जो धमाका हुआ है, उससे काफी लोगों को चोट पहुंची है और मजदूर की मृत्यु हो गयी है। यह बात भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद कही। उन्होंने घायलों एवं मृतक के परिवारजनों से मुलाकात की। इसके साथ ही पिरदा के आस-पास के ग्रामीणों से भी मुलाकात की।

भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि घटना काफी भयावह और दुखद है। गरीब मजदुरों की मृत्यु हो गयी है और कई घायल हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उप मुख्यमत्री अरूण साव घटना के तुरंत बाद ग्राम पिरदा पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। मृतक एवं घायलों के परिवारजनों से मुलाकात की एवं उन्हें आस्वस्त भी किया कि प्रदेश की भाजपा सरकार प्रर्याप्त मुआवजा देगी। राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मृतकों के परिवार को 5 लाख रूपये तथा घायलों को 50 हजार रूपये देने की घोषणा की है। साथ ही घटना की मजिस्ट्रीयल जांच कराकर दोषी व्यक्तियों के उपर कड़ी कार्रवाई करने का आश्वासन भी ▶▶| शेष पेज 11 पर

# गौवंश अभयारण्य योजना शासन का एक क्रांतिकारी कदम : मूलचंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| साजा

- भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ने जताया मुख्यमंत्री का आभार

छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सड़कों पर विचरण करने वाले स्वामी विहीन गौवंशों के लिए गोवंश अभयारण्य योजना ले जाने की घोषणा की है। इसे लेकर प्रदेश कार्य समिति सदस्य मूलचंद शर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त किया है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सड़कों पर खुले में घूमने वाले स्वामी विहीन गौवंश की सुरक्षा और दुर्घटना पर अंकुश लगाने के लिए गोवंश अभ्यारण योजना लाना क्रांतिकारी कदम है। इसके लिए मुख्यमंत्री ने राज्य में पशु धन विकास विभाग पंचायत राजस्व एवं विभाग के समन्वय से संचालित करने संयुक्त रूप से कार्य योजना बनाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने कहा कि सड़कों पर घूम रहे स्वामी विहीन पशुधन यातायात के लिए बड़ा खतरा बनते हैं। इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं, जिससे बड़ी संख्या में जान माल की क्षति होती है। साथ ही भूख ▶▶| शेष पेज 11 पर

## जिले में मतगणना की तैयारियां तेज, जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिए दिशानिर्देश

# मतगणना के दौरान हर गतिविधियों पर रहेगी सीसीटीवी कैमरे की नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

लोकसभा विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के नतीजे सामने आने में अब महज सात दिन शेष है। ज़िला निर्वाचन कार्यालय ने मतगणना की तैयारियां तेज कर दी है। बेमेतरा जिला मुख्यालय में बनाए गए स्ट्रॉन्ग रूम में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला व पुलिस प्रशासन ने खास तौर पर तैयारियां की है। काउंटिंग की हर एक्टिविटी वीडियो कैमरों में रिकार्ड करने के निर्देश भी निर्वाचन आयोग ने जिला निर्वाचन अधिकारियों को दिए हैं।

लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 संसदीय क्षेत्र 07 अंतर्गत बेमेतरा ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र साजा,बेमेतरा व नवागढ़ की मतगणना का कार्य आगामी 4 जून 2024 को प्रातः 08 बजे से कृषि उपज मण्डी परिसर बेमेतरा में किया जाएगा। मतगणना के दौरान की हर छोटी-बड़ी गतिविधियों पर वीडियो कैमरों से निगाह रखी जाएगी। गणना कक्षों में भी मतगणना की प्रक्रिया का 360 डिग्री सीसीटीवी कवरेज किया जाएगा ।

आयोग के निर्देशों के अनुसार ज़िले की तीनों विधानसभा क्षेत्र की मतगणना वाले सभी कक्षों में कैमरे लगाए गये हैं। इन्हें गणना कक्ष के हर कोने पर फिक्स किया गया है। साथ ही ईवीएम को स्ट्रॉन्ग रूम से मतगणना कक्ष तक पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कॉरिडोर पर भी वीडियो कैमरे लगाए गये है।

हर मतगणना अभिकर्ता को संबंधित विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा एक बैज दिया जाएगा जिसमें यह दर्शाया जाएगा कि वह किस का अभिकर्ता है और उस मेज की क्रम संख्या भी दर्शायी जाएगी, जिस पर वह मतगणना पर नजर ▶▶| शेष पेज 11 पर

### क्या ले जाएं, क्या नहीं

आयोग के दिशा-निर्देशानुसार मतगणना एजेंट्स अथवा उम्मीदवारों को मतगणना केंद्र के अंदर मोबाइल फोन, आई पैड, लैपटॉप या ऐसे किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण को ले जाने की अनुमति नहीं है जो ऑडियो या वीडियो रिकॉर्ड कर सकता है। इसके अलावा कोई भी अभ्यर्थी, गणना एजेंट किसी भी प्रकार की कोई भी सामग्री जैसे घड़ी, मोबाइल, तंबाकू, सिगरेट, बीड़ी, पान, कैल्कुलेटर, पानी, नाश्ता सहित अन्य सामग्री नहीं ले जा सकेंगे। काउंटिंग एजेंट को मतगणना कक्ष में प्लास्टिक पेन, पेंसिल, सादा कागज ले जाने की ही अनुमति होगी।

# समर कैंप में बच्चों ने सीखी विविध कलाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- शासकीय विद्यालय मोहतरा में सात दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

शासकीय प्राथमिक शाला मोहतरा में सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। समर कैंप आयोजन दिनांक 21 से 27 मई तक किया गया। अलग-अलग दिनों में विभिन्न प्रकार से गतिविधियां खेल, योग योगासन, खिलौना निर्माण, रंगोली कला पेंटिंग ,चित्रकला पेपर से पपेट निर्माण करना कहानी बताना, सुनाना तथा शब्दों के खेल व्याकरण एवं पर्यावरण संरक्षण आदि सिखाया गया। शिक्षकों द्वारा समर कैंप में भय मुक्त वातावरण का निर्माण कर बच्चों से दोस्ताना व्यवहार करना और उनके अंदर के कला को निखारने व उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने का कार्य किया गया। साथ ही बच्चों की अभिव्यक्ति कौशलों के निर्माण में भी योगदान दिया कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में बच्चों को छत्तीसगढ़ी भाषा कला, नृत्य की बारीकियां को सिखाया गया, बच्चों को गीत कविता कहानियों के माध्यम से नैतिक शिक्षा प्रदान की गई। चित्रकला, पेपर क्राफ्ट कबाड़ से जुगाड़, रंगोली पपेट निर्माण कर कहानी के माध्यम से बच्चों में नवीन ▶▶| शेष पेज 11 पर

## नवागढ़ में आयोजित श्रीरामचरितमानस व संत सम्मेलन का हुआ समापन

# परिवार में हमेशा सामूहिक रूप से करें भोजन व भजन : जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़







धर्मसभा समिति नवागढ़ के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय श्रीरामचरितमानस व संत सम्मेलन का समापन रविवार को सरस्वती शिशु मंदिर नवागढ़ प्रांगण में हुआ। इस अवसर पर चित्रकूटधाम हनुमत द्वार पीठाधीश्वर जगतगुरु धीरेन्द्राचार्य ने कहा कि नारी शक्ति के बिना परिवार समाज निर्माण संभव ही नहीं है। नारी ही परिवार को सँवारती सकती है। इसलिए नारियों की जिम्मेदारी बनती है परिवार को धर्म के दिशा में ले जाए।

परिवार पर उन्होंने कहा कि हमेशा सामूहिक रूप से भोजन व भजन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संयुक्त परिवार की परंपराएं कम हो रही है हमें पूरे परिवार के साथ बैठकर भोजन करना चाहिए। इसी प्रकार प्रतिदिन सामूहिक रूप से प्रभु जी का भजन करना चाहिए। सामूहिक भोजन व भजन को अपनी दिन चर्या का अंग बनाएं। घर में टीवी मोबाइल रख सकते हो तो धार्मिक ग्रंथ रामायण भागवत गीता जी क्यों नहीं? घर में इन तीनों ग्रंथ को रखें और दिन में एक बार जरूर उनका पाठ करें तो हमारे जीवन दुख और संकट कभी नहीं आएंगे और आत्मा का कल्याण हो सकता है। इस अवसर पर ओमप्रकाश ठाकुर, पं. सागर मिश्रा, पूर्व विधायक गुरुदयाल सिंह बंजारे, देवेंद्र धर दीवान, मिंटू बिसेन, बबलू ताम्रकार, संतोष देवांगन, संतोष खुराना, रामचेत पाल, गणपत साहू, रमेश चौहान, बसंत विश्वकर्मा, पूर्णानंद तिवारी, गणेश शर्मा, लक्ष्मी चंद जैन, मिलाप साहू, राजेन्द्र मिश्रा, फत्ते वर्मा, मिलाप साहू, शेखर शर्मा जुलाराम निर्मलकर, जेजी गोस्वामी, राजा बिसेन, हेमकांत यादव, द्वारिका सोनवानी, विनोद साहू, अभिषेक पाठक, वीरू जैन, हरप्रीत खुराना, रामनारायण पाठक, अशोक पाठक, केके मिश्रा, पुरुषोत्तम दुबे, जुठेल सोनकर, भागवत सोनकर, रामनाथ ध्रुव, हरभजन क्षत्री, रामधुन रजक, नेतराम सोनकर सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

### श्री राम से प्रेरणा लेकर सुधारें अपना जीवन

जगतगुरु ने मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम द्वारा दिए गए संदेश का श्रवण कराते हुए कहा कि श्री राम ने जीवन भर जो किया उससे प्रेरणा लेकर हमें अपने जीवन को सुधारना चाहिए। मनुष्य का जीवन चरित्र श्री राम जी की जैसे उत्कृष्ट होना चाहिए तभी उनके जीवन में सफलता मिलती है। श्री राम कथा हमें सुग्रीव की तरह मित्रता निभाने का संदेश देती है। श्री राम ने युद्ध में बालि से विजय प्राप्त कर सुग्रीव को, तथा रावण से युद्ध कर लंका विजय प्राप्त कर विभीषण को उनका राज वापस लौटाया था।


## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

